हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सुलतानपुर | आज का दिन 1831 में कलकत्ता में पहली ललित कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। | हिन्दुस्तान | लखनऊ • शनिवार • 01 फरवरी 2020

पढ़ेंगी बेटियां तभी विश्वगुरु बनेगा देश

श्री अक्षयवर सिंह इंटरकालेज में छात्रा को प्रमाणपत्र देते एमएलसी दीपक सिंह व अन्य

मोतिगरपुर | हिन्दुस्तान संवाद

शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का विकास होता है ।राष्ट्र की प्रगति में बेटियों को शिक्षा देना बेहद अनिवार्य है। पढ़ेगी बेटी तो बढ़ेगा देश। यह बातें कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने कही।

शुक्रवार को श्री अक्षयवर सिंह इण्टर कालेज राईबीगो में शिक्षण कक्ष के भूमि पूजन के बाद एमएलसी श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हमारे जीवन के लिए भोजन पानी की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार हमारे समाज, हमारे देश के लिए शिक्षा आवश्यक है। हम अपने देश, अपने समाज को तभी आगे बढ़ा सकते हैं जब हम अपनी बेटियों को आगे बढ़ाएं । बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें। उत्तर प्रदेश निर्माण निगम के पूर्व एमडी डा. बीआर सिंह ने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार एंव प्रमाण पत्र देकर हौसला अफ़जाई की । कहा की जीवन में एक लक्ष्य बना कर चलो तो मंजिल कभी दूर नहीं होगी । इसके पूर्व प्रबंधक रीता सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों का मन मोह लिया । यहां राजेश तिवारी, प्रशासक सूर्य प्रकाश सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, प्राचार्य अवधेश नारायण पाण्डेय, मोनी पाण्डेय, सुप्रिया वर्मा, सन्नो बानो आदि रहे।